भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2405

उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

मेंटरिंग पहल के लिए राष्ट्रीय मिशन

†2405. श्री टी. एम. सेल्वागणपति:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देश में हाल ही में सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय मेंटरिंग मिशन पहल के अंतर्गत स्कूल शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय मेंटर के रूप में शिक्षण संकाय सदस्यों को नामित करने के लिए कहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय मेंटरिंग मिशन का लक्ष्य पूरे देश से 1,000 मेंटर का एक समूह तैयार करना है; और
(ग) यदि हां, तो इस संबंध में उच्च शिक्षण संस्थानों से प्राप्त नामांकनों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) जो शिक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय है, एनईपी 2020 के पैरा 15.11 के तहत नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग (एनएमएम) नामक एक पहल को कार्यान्वित कर रहा है। मिशन का उद्देश्य उत्कृष्ट पेशेवरों का एक राष्ट्रव्यापी समूह तैयार करना है ताकि स्कूल शिक्षकों को उनके निरंतर वृत्तिक विकास, क्षमता निर्माण और कौशल वृद्धि के लिए लघु और दीर्घकालिक परामर्श सहायता प्रदान की जा सके।

एनसीटीई ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से अनुरोध किया है कि वे राष्ट्रीय परामर्शदाता के रूप में कार्य करने के लिए कम से कम आठ वर्ष के शिक्षण अनुभव वाले प्रोफेसरों और पात्र संकाय को नामित करें। तदनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्चतर शिक्षा संस्थाओं (एचईआई) को इसके लिए सलाह दी है।

आज तक की स्थिति के अनुसार, उच्चतर शिक्षा संस्थानों से राष्ट्रीय सलाहकारों के लिए कुल 681 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

*****